# हाट बाजार में कराएं सिकल सेल की स्क्रीनिंग

## राज्यपाल पटेल ने राजभवन में हुई समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से कहा



**भोपाल, 10 सितंबर. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हाट बाजारों में सिकल सेल और टीबी की स्क्रीनिंग शिविर लगाए जाने चाहिए. उन्होंने कहा कि सिकल सेल जाँच के 100 दिवसीय अभियान की उपलब्धियां प्रभावी है और अभियान को 125 दिन तक बढ़ाया जाना चाहिए.**

राज्यपाल पटेल राजभवन के जवाहर खण्ड में बुधवार को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष और जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे. इस अवसर पर जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर भी मौजूद थे. राज्यपाल पटेल ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ियों के साथ सतत संपर्क पर विशेष बल दिया है. उन्होंने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में आंगनबाड़ी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हो सकती है. उन्होंने कहा कि जिलों के प्रवास के दौरान वह पीएम जनमन, धरती आबा अभियान, सिकल सेल और टी.बी. रोग की समीक्षा अनिर्वायत: करेंगे. उन्होंने अपेक्षा की है कि जिलों में राज्यपाल के प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल पर टीबी, सिकल सेल रोग की स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाए. उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करने की भी जरूरत बताई है. उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सांसद और विधायक निधि से वित्तीय सहयोग प्राप्त करने के प्रयास किए जाएं. उन्होंने कहा कि वे सहयोग की जनप्रतिनिधियों से भी अपील करेंगे. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता में स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम कड़ी तक पहुंच बहुत महत्वपूर्ण है. समुदाय के बीच पहुंच कर स्वास्थ्य शिक्षा के प्रयास बहुत प्रभावी होते हैं.

राज्यपाल पटेल ने एकलव्य विद्यालयों में सिकल सेल जांच शिविरों के आयोजन की पहल की सराहना की.

> राज्यपाल पटेल ने आयुर्वेदिक औषधियों की वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए जाने की जरूरत बताई. उन्होंने सिकल सेल रोगियों को आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध करवाने को कहा. बताया गया कि विभाग द्वारा चयनित पायलट जिले धार में 1546 और बड़वानी में 1015 रोगियों को सिकल सेल की आयुर्वेदिक औषधियाँ दी जा रही है. प्रदेश में 17 सितम्बर से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा. सिकल सेल के लिए संचालित 100 दिवसीय अभियान के दौरान सिकल सेल रोगियों को जेनेटिक कार्ड वितरण कार्य बहुत तेज गति से हुआ है. अभियान अवधि में 12 लाख से अधिक कार्ड वितरित हुए है.

## भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का आयोजन 14-15 सितंबर को

**भोपाल, 10 सितंबर.** राष्ट्र के निर्माण में भाषाओं के योगदान पर केन्द्रित दो दिवसीय भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का आयोजन 14-15 सितंबर 2025 को रवीन्द्र भवन, भोपाल में किया जा रहा है. इसमें खड़ी बोली हिन्दी में अवधी, ब्रज, भोजपुरी, मैथिली, बुंदेली, मालवी, छत्तीसगढ़ी व बघेली तथा कन्नड़, मलयालम, तेलुगु, बांग्ला, तमिल और हिन्दी का अंतरसंबंध, भाषा और संचार प्रौद्योगिकी, हिन्दी साहित्य और प्रौद्योगिकी, नाटक और सिनेमा की भाषा, नृत्य और संगीत की भाषा, जनजातीय एवं धूमंतु भाषा-संचार, राष्ट्र की प्राणधारा लोकभाषाएँ जैसे विविध विषयों पर केन्द्रित वैचारिक समागम में देश-प्रदेश के भारतीय भाषाओं के विशेषज्ञ-विद्वान सम्मिलित होंगे. यह जानकारी मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी एवं संस्कृति संचालनालय के संचालक एनपी नामदेव ने प्रेस वार्ता में दी.

# मैनिट की टीमों ने हासिल किए तीनों पुरस्कार

▸ नेशनल साइबरशील्ड हैकाथॉन का आयोजन



जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 10 सितम्बर. मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल और मध्यप्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल साइबरशील्ड हैकाथॉन 2025 का सफल आयोजन किया गया. इस हैकाथॉन का उद्देश्य देश की साइबर सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करना तथा नई तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा.**

देशभर से लगभग 1200 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें से 15 टीमों को अंतिम चरण के लिए चुना गया. अंतिम दौर का आयोजन मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल परिसर में हुआ, जहां प्रतिभागियों ने वास्तविक साइबर चुनौतियों पर आधारित समाधान प्रस्तुत किए. प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य छात्रों, पेशेवरों और साइबर विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर नवाचार को बढ़ावा देना और उभरते साइबर खतरों से निपटने के लिए आधुनिक समाधान तैयार करना रहा. फाइनल राउंड के बाद विजेता टीमों की घोषणा की गई. गर्व की बात है कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीनों पुरस्कार मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल की टीमों ने अपने नाम किए.

> समापन समारोह में पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायण चारी मिश्रा मुख्य अतिथि रहे. विशिष्ट अतिथियों में डीआईजी कम्युनिटी पुलिसिंग शियास ए., उपाध्यक्ष क्लियर ट्रेल रविन्द्र जैन, एसपी साइबर भोपाल प्रणय नागवंशी, निदेशक-प्रभारी प्रो. शैलेन्द्र जैन और प्रो. दीपक सिंह तोमर (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग) उपस्थित रहे. सभी अतिथियों ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया और प्रतिभागियों के नवाचारपूर्ण प्रयासों की सराहना की. इस राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मध्यप्रदेश पुलिस, वीआईटी भोपाल, क्लियर ट्रेल एवं नेट लिंक ने प्रायोजित किया. कार्यक्रम ने न केवल युवाओं को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर दिया बल्कि भविष्य की डिजिटल सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ.

# गुजरात की थीम पर गरबा करेंगे मुंबई के कलाकार

**भोपाल 10 सितंबर. राजधानी के भेल जम्बूरी मैदान पर आयोजित होने वाले भोजपाल गरबा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. प्रतिभागियों को अलग-अलग सेंटरों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है. भोजपाल गरबा महोत्सव के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि इस बार सात दिनों तक आयोजन किया जाएगा.**

गरबा महोत्सव में मुंबई के कलाकार प्रस्तुति देंगे. इसमें टीवी सीरियल की अभिनेत्रियां अलग-अलग दिनों अपनी प्रस्तुति देंगी. गुजरात की ट्रेडिशनल थीम पर डांडिया और गरबा आयोजित होगा. एक लाख किलोवॉट के साउंड सिस्टम और म्यूजिकल बैंड पर गरबा, डांडिया की प्रस्तुति दी जाएगी. 23 से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव के लिए 21 और 22 को ग्राउंड पर रिहर्सल किया जाएगा. अहमदाबाद गुजरात से टीम के साथ प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक राहुल गुप्ता ने बताया कि गुजरात की परंपरागत ढोल को हम यहां पर भी फॉलो कर रहे हैं. प्रतिभागियों को रोजाना नए नए स्टेप सिखा रहे हैं. गरबा महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को अलग-अलग पुरस्कार दिया जाएगा. इसमें स्कूटी, मोबाइल, एलईडी टीवी, स्मार्ट वॉच, म्यूजिक सिस्टम, स्टील बॉटल, आयरन प्रेस, ईयर बर्ड, गोल्ड इयर रिंग और गोल्ड रिंग दी जाएगी.

# सुर-ताल से सजी बादल राग की सभा

▸ भारत भवन में चार दिवसीय बादल राग का शुभारंभ



**भोपाल, 10 सितंबर. भारत भवन में बुधवार को चार दिवसीय बादल राग समारोह का शुभारंभ हुआ. संगीत केन्द्र अनहद की ओर से आयोजित इस समारोह के पहले दिन सुहाने मौसम के बीच सुर, लय और ताल का ऐसा समागम देखने को मिला, जिसने उपस्थित कला प्रेमियों को संगीत की अविरल धारा में सराबोर कर दिया.**

समारोह के प्रथम दिन दो संगीत सभाओं का आयोजन किया गया. पहली प्रस्तुति में युवा प्रतिभाओं रितेश और रजनीश मिश्र ने अपनी जुगलबंदी से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. इसके बाद विश्व विख्यात कलाकार बेगम परवीन सुल्तान ने प्रस्तुति दी. इस अवसर पर भारत भवन के निदेशक और संस्कृति संचालक एनपी नामदेव सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित हुए. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने किया.

प्रस्तुति के दौरान मिश्र बंधुओं ने अपनी गायकी में रागों की सूक्ष्मता, तानों की जटिलता और लयकारी का ऐसा समन्वय प्रस्तुत किया कि मानो बादलों की गूँज सुरों में ढल गई हो.

इस प्रस्तुति के लिए कलाकारों ने विशेष रूप से राग रामदासी मल्हार का चयन किया. इसमें उन्होंने विलंबित एक ताल में निबद्ध रचना सकल बन हूं लागी भूमि हरि हर...प्रस्तुत किया. इसके बाद उन्होंने द्रुत लय में तराना की प्रस्तुति दी.

## रेडक्रॉस ने बांटे स्वच्छता किट और पल्स ऑक्सीमीटर

**भोपाल, 10 सितंबर.** राजधानी भोपाल के गांधीनगर स्थित गांधी आश्रम छात्रावास में आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया. इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा 35 आशा कार्यकर्ताओं को स्वच्छता किट और पल्स ऑक्सीमीटर वितरित किए गए. स्वास्थ्य शिविर के प्रभारी डॉ. सत्येंद्र बघेल ने बताया कि यह आयोजन रेडक्रॉस के राज्य महासचिव रामेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया. उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी विभिन्न सेवा बस्तियों में भी नियमित रूप से स्वच्छता किट का वितरण कर रही है, विशेष रूप से बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए.



## महर्षि अरविंद दार्शनिक चेतना के प्रतीक थे

**भोपाल, 10 सितंबर. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद संभाग भोपाल द्वारा बुधवार को संवाद योजनांतर्गत संभाग स्तरीय महर्षि श्री अरविंद जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान भोपाल में किया गया.**

कार्यक्रम क़ी अध्यक्षता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष/ राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर ने की. मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश सोनी, मुख्य वक्ता अरविंद सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज शर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ. बकुल लाड़ थे. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महर्षि श्री अरविंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. कार्यक्रम के अध्यक्ष परिषद के उपाध्यक्ष नागर कहा कि महर्षि अरविंद द्वारा अखंड भारत की संकल्पना की गई थी जो कि निश्चित साकार होगी. श्री अरविंद भारत की दार्शनिक एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक थे.

